**प्रेस नोट दिनांक 12.05.2025**
**कोतवाली बहेडी जनपद बरेली**

**थाना बहेड़ी बरेली पुलिस द्वारा ग्राम भिल्लौर थाना बहेड़ी से चोरी ट्रक सं0 UP25FT5036 से सम्बन्धित 02 शातिर चोर गिरफ्तार। कब्जे से 02 तमंचा मय 02 जिंदा कारतूस व 1,70,000 रुपये नगद बरामद।**




अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी के नेतृत्व में थाना बहेड़ी पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये थाना बहेड़ी जनपद बरेली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 433/25 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. मुजीम पुत्र सबदर अली निवासी ग्राम मुरारपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली 2. मौ0 रिजवान पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम जादोपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल पता भैरपुरा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली को दिनांक 11.05.2025 को समय 23.00 बजे पृथ्वीपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस, चोरी गये ट्रक सं0 UP25FT5036 का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस प्रमाण पत्र आदि अभिलेख, 1,70,000/- रुपये नगद व एक मोबाइल वीवो कम्पनी का बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ –**

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा उपरोक्त ट्रक को ग्राम भिल्लौर से अपने साथी जाफर अली पुत्र अफसर अली निवासी जादौपुर थाना भोजीपुरा हाल पता भैरपुरा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली व इश्हाक पुत्र सूखा शाह निवासी पचदौरा दोहरिया थाना भोजीपुरा जनपद बरेली के साथ मिलकर दिनांक 07.04.2025 को चोरी किया था, जिसे उनके द्वारा पटियाला पंजाब में 05 लाख रुपये में बेच दिया था और पैसा आपस में बराबर-बराबर बांट लिया था। अभियुक्तगण द्वारा यह भी बताया गया कि इश्हाक उपरोक्त थाना कैंट के मुकदमें में जेल गया है। अभियोग में प्रकाश में आया अभियुक्त जाफर अली पुत्र अफसर अली निवासी जादौपुर थाना भोजीपुरा हाल पता भैरपुरा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली वांछित है, जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त –**

1. मुजीम पुत्र सबदर अली निवासी ग्राम मुरारपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 24 वर्ष।
2. मौ0 रिजवान पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम जादोपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल पता भैरपुरा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली उम्र 29 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभि0 मुजीम-**

1. मु0अ0स0 433/25 धारा 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहेडी, बरेली।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभि0 रिजवान-**

1. मु0अ0स0 433/25 धारा 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहेडी, बरेली ।

**पुलिस टीम –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजय तौमर थाना बहेडी जिला बरेली
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार उपाध्याय
3. उ0नि0 श्री सन्नी चौधरी
4. हे0का0 899 महावीर सिंह
5. का0 2842 विशाल कुमार